कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, अलीराजपुर (म0प्र0)

फारेस्ट केम्पस, खण्डवा बडौदा रोड़, अलीराजपुर–457887
E-mail : dfot.alp@mp.gov.in
Tel & Fax No. 07394-234530

क्रंमाक / मा.चि. / 2024 / 6731 अलीराजपुर दिनांक : 23-12-24

प्रति,

उप मुख्य अभियंता (निर्माण– II)
पश्चिम रेल्वे, बड़ोदरा

विषय :– धार एवं अलीराजपुर जिले में छोटा उदयपुर–धार नई ब्रॉडगेज रेलवे लाईन के निर्माण हेतु अलीराजपुर वन मण्डल की 6.654 हेक्टेयर वनभूमि एवं धार वन मण्डल की 237.385 हेक्टेयर वनभूमि कुल 244.039 हेक्टेयर वनभूमि (ऑनलाईन आवेदित 248.385 हेक्टेयर) पश्चिम रेल्वे, बड़ोदरा को उपयोग पर देने बाबद। **संशोधित पत्र।**

संदर्भ :– 1) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र दिनांक 08.07.2024 I
2) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) वन भवन,र मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 1259 / 2023 / 10–11 / 6049 दिनांक 20.12.2024 I

–– ☆ ––

उपरोक्त विषय मे लेख है कि भारत सरकार के संदर्भित पत्र से धार एवं अलीराजपुर जिले में छोटा उदयपुर–धार नई ब्रॉडगेज रेलवे लाईन प्रकरण में सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई है। स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो के निर्देशानुसार आपके द्वारा एन0पी0व्ही0 एवं अवैध उत्खनन की राशि जमा की गई है। तथा वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि जमा की जाना शेष है।

अतः भारत सरकार के पत्र दिनांक 17.12.2024 में दिये गये निर्देशानुसार प्रकरण में अलीराजपुर जिले की प्रभावित वनभूमि 6.654 हेक्टेयर की दूगने बिगड़े वनक्षेत्र 14 हेक्टेयर **वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि 86,58,181 / – ऑन लाईन कैम्पा मद कराई जावे तथा 10% पर्यवेक्षण शुल्क राशि रूपये 8,65,818 / – किस मद में जमा की जाना है इस संबंध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) वन भवन, भोपाल कार्यालय से निर्देश प्राप्त उक्त मद में राशि जमा कर पावती इस कार्यालय में जमा की जावें।**

भारत सरकार द्वारा जारी की गई सैद्धांतिक स्वीकृति की समस्त शर्तो का पालन प्रतिवेदन मुल प्रति में इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करे।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल अलीराजपुर

पृ.क्रंमाक / मा.चि. / 2024 / 6732 अलीराजपुर दिनांक : 23-12-24

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) वन भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक इन्दौर वृत्त इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल अलीराजपुर

कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, धार वन मण्डल
माण्डव रोड़ धार (म.प्र.) 454001
Phon 07292–222250, Email – dfotdhar@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2024 / 11536 धार, दिनांक 24 / 12 / 2024

प्रति

उप मुख्य अभियंता (निर्माण– I I),
पश्चिम रेलवे, बड़ोदरा

विषयः– धार एवं अलीराजपुर जिले में छोटा उदयपुर–धार नई ब्रॉडगेज रेलवे लाईन के निर्माण हेतु अलीराजपुर वन मण्डल की 6.654 हे. वनभूमि एवं धार वन मण्डल की 237.385 हे. वनभूमि कुल 244.039 हे. वनभूमि (ऑनलाईन आवेदित 248.329 हे.) पश्चिम रेलवे बड़ोदरा, को उपयोग पर देने बाबद। (ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक /FP/MP/RAIL/154962/2022)

संदर्भः– 1 भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल का पत्र दिनांक 08.07.2024

2 अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल का पत्र क्रं. / एफ–5 / 1259 / 2023 / 10–11 / 3586 दिनांक 09.07.2024, 6042 दिनांक 19.12.2024 एवं 6049 दिनांक 20.12.2024

3 इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2024 / 6032 दिनांक 15.07.2024 एवं 9822 दिनांक 07.11.2024

–000–

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र क्रमांक 01 से भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा प्रकरण में सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई है। सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो का पालन प्रतिवेदन हेतु आपको संदर्भित पत्र क्रमांक 03 से अवगत कराया जा रहा है।

सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्त क्रमांक IV अनुसार समतुल्य राजस्व भूमि उपलब्ध कराने की शर्त अधिरोपित की गई थी। भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र दिनांक 17.12.2024 में दिये गये निर्देशानुसार दूगने–बिगड़े वनक्षेत्र (DFL) की रोपण योजना पर कार्यवाही की जानी है। प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 17.12.2024 में दिये गये निर्देशानुसार धार जिले की प्रभावित वनभूमि 237.385 हे0 के दूगने–बिगड़े वनक्षेत्र (DFL) रकबा 480.000 हे0 की वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि रूपये निम्नानुसार होती है –

क्र.	वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना का रकबा (हे0 में)	वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि रूपये में	पर्यवेक्षण शुल्क की राशि (10 प्रतिशत) रूपये में	कुल जमा की जाने वाली राशि रूपये में
1	2	3	4	5
1	480.000	228322094 /–	22832209 /–	251154304 /–

अतः आप वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि 228322094 /– ऑनलाईन कैम्पा मद में एवं 10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क की राशि रूपये 22832209 /– के संबंध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म0प्र0 भोपाल कार्यालय से सम्पर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर जमा करावें। राशि जमा कराई जाकर सत्यापित अभिलेख इस कार्यालय को प्रेषित करें।

भारत सरकार द्वारा जारी की गई सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तो का शर्तवार प्रतिवेदन मूल प्रति में टेबुलर फ्रार्म में इस कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जा सकें।

वन मण्डल अधिकारी,
(क्षे.) वन मण्डल, धार

पृ0क्रमांक / मा.चि. / 2024 / 11537 धार, दिनांक 24 / 12 / 2024

प्रतिलिपिः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक,(क्षे0) इन्दौर वृत्त इन्दौर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी,
(क्षे.) वन मण्डल, धार

d/dm2/fca/demand note